Hindi / हिंदी

जनमतसंग्रह **2023**

आने वाले जनमतसंग्रह में **स्रोत को जानने की कोशिश करें**

# **ज़रा रुकें** और **सोचें**

जनमतसंग्रह के दौरान आपको ऐसी जानकारी मिल सकती है जो प्रमाणों के पैमाने पर खरी नहीं उतरती, जिसके संदर्भ की जानकारी नहीं दी गई है या जो जानबूझ कर भ्रमित करने के लिए ही है| वास्तविकता से भली-भाँति परिचित होने के लिए, जब जानकारी प्राप्त होती है तो उसका सही तरीके से विश्लेषण करें और सोचें कि क्या वह जानकारी सत्य और सही है|

## ग़लत जानकारी देने के तरीके

ग़लत जानकारी देने से तात्पर्य है कि बहकाने और जनता की राय को प्रभावित करने के लिए जानते हुए झूठी जानकारी गढ़ना, और ग़लत जानकारी अपने आप नहीं फैलती है| ग़लत जानकारी फ़ैलाने की चेष्टा करने वाले लोग जान-बूझ कर आपको गुमराह करने के लिए निम्नलिखित में से कुछ तरीके अपना सकते हैं:

**केवल प्रश्न पूछना**

लोग बिना कोई सबूत दिए, किसी बात के बारे में जान-बूझ कर ऐसे प्रश्न पूछ सकते हैं जिनसे उसके बारे में संदेह पैदा हो| हालाँकि पूछे गए अनेक प्रश्न उचित होते हैं, उन प्रश्नों के बारे में जागरूक रहें जो बुरी भावना से पूछे गए हों या बहुत कम संभावना वाली परिस्थितियों के बारे में हों| ज़रा रुकें और सोचें की प्रश्न किसलिए पूछा जा रहा है|

**भावुकता वाली भाषा**

जोशीली भाषा का प्रयोग जिससे क्रोध या डर जैसी नकारात्मक भावनाएँ जागें, संदेश को आगे बढ़ाने में सहायता कर सकता है| यदि किसी चीज़ को देखने पर आपके मन में बहुत भावनात्मक बात आए तो रुकें और सोचें, ऐसा क्यों है|

**केवल अपना मतलब साधने वाली चीज़ें चुनना**

मतलब साधने वाली चीज़ें चुनना यानि जानकारी का संदर्भ के बिना प्रयोग, जैसे कि मूल स्रोत की जानकारी दिए बिना स्क्रीनशॉट या आंकड़ों का प्रयोग|

## मतदाता होने के नाते आपका दायित्व

जनमतसंग्रह क़ानून बाँटी जाने वाली जानकारी और विज्ञापनों की सत्यता का नियमन नहीं करते| यह जानने के लिए अपना समय दें कि जानकारी:

### विश्वसनीय है

**क्या वह किसी विश्वसनीय या मान्यता प्राप्त स्रोत से आई है?**

क्या आप जानकारी के स्रोत को जानते हैं? क्या वह किसी मान्यता प्राप्त मीडिया या आधिकारिक सोशल मीडिया के अकाउंट से आई है? यदि आप इस बारे में आश्वस्त नहीं हैं तो देखें कि क्या अकाउंट हाल ही में चालू हुआ है या इसमें और पोस्ट भी हैं|

### नवीनतम/ताज़ा है

**वह कब प्रकाशित की गई थी?**

यदि कोई पोस्ट/लेख आपके साथ आज शेयर की गई है तो इसका अर्थ यह नहीं है कि वह ताज़ा है| हमेशा जानकारी का मूल स्रोत और उसके प्रकाशन की तिथि जाँच लें| पुरानी पोस्ट/लेख जो शायद अब सही नहीं रही, उसे नई जानकारी के रूप में प्रस्तुत करने के उद्देश्य से शेयर किया जा सकता है|

## ए ई सी (ऑस्ट्रेलियाई चुनाव आयोग) की भूमिका

ए ई सी एक निष्पक्ष संस्था है जिसे जनमतसंग्रह करवाने का कार्य सौंपा गया है| ए ई सी की ज़िम्मेदारियाँ हैं:

**जनमतसंग्रह की प्रक्रिया के बारे में विश्वसनीय जानकारी प्रदान करना**

अपने विज्ञापनों की मुहिम, वेबसाइट, संपर्क केंद्र और सोशल मीडिया अकाउंटों के माध्यम से ए ई सी नामांकन करवाने या मतदान करने के बारे में आसानी से उपलब्ध जानकारी प्रदान करेगा| यदि इन प्रक्रियाओं के बारे में कोई ग़लत जानकारी है तो ए ई सी उसे सही करने की कार्रवाई करेगा| इन प्रक्रियाओं से परे - ए ई सी पर जनमतसंग्रह के बारे में दी जाने वाली जानकारी की सत्यता को जाँचने का दायित्व नहीं है|

**जनमतसंग्रह के बारे में दी जाने वाली जानकारी के अधिकृत होने की जाँच करना**

जनमतसंग्रह संबंधी कुछ जानकारी का भेजे जाने से पहले अधिकृत किया जाना अनिवार्य है ताकि आपको यह जानने में सहायता मिल सके कि उस जानकारी का स्रोत क्या है|

**Yes और No अभियानों संबंधी सामग्री**

जनमतसंग्रह संबंधी पुस्तिका जिसमें Yes और No अभियानों संबंधी आधिकारिक जानकारी है, को जारी करना ए ई सी की ज़िम्मेदारी है, लेकिन इस बारे में बाँटी जाने वाली जानकारी की सत्यता पर नियंत्रण की ज़िम्मेदारी ए ई सी की नहीं है|

**aec.gov.au/translated** 1300 720 153

AEC Australian Electoral Commission

AEC23/1804

इलेक्टरल कमिश्नर (निर्वाचन आयुक्त), कैनबरा द्वारा प्राधिकृत।
Authorised by the Electoral Commissioner, Canberra